भारत-ए बनाम श्रीलंका-ए- अंतिम पलों में गजब का रोमांच, सुपर ओवर में भारतीय टीम की हार

दांबुला। श्रीलंका-ए ने सोमवार को भारत-ए के खिलाफ वनडे फॉर्मेट की त्रिकोणीय सीरीज का चौथा मुकाबला अपने नाम किया। स्कोर टाई होने के बाद मेजबान टीम ने %सुपर ओवर% में जीत हासिल की। रॉंगिरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी भारत-ए टीम 49.2 ओवरों में 265 रन पर सिमट गई। भारत को 29 के स्कोर पर वैभव सूर्यवंशी (21) के रूप में पहला झटका लगा, जिसके बाद टीम ने प्रभसिमरन सिंह (11) के रूप में दूसरा विकेट भी गंवा दिया।

यहां से कप्तान तिलक वर्मा ने ऋतुराज गायकवाड़ (37) के साथ तीसरे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 91 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन तिलक वर्मा (23) के आउट होते ही विकेटों का पतझड़ लग गया। भारतीय टीम ने 143 के स्कोर तक अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद विपराज निगम ने सूर्यांश शेडगे के साथ आठवें विकेट के लिए 90 गेंदों में 104 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। विपराज 49 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए, जबकि सूर्यांश ने 66 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 72 रन की पारी खेली। श्रीलंका-ए की तरफ से मोहम्मद शिराज और विजयकांत वियासकांत ने 3-3 विकेट हासिल किए। इनके अलावा, सहान अराच्चिगे, कुगाथास मथुलन और वानुजा सहान ने 1-1 विकेट निकाला।

इसके जवाब में श्रीलंका-ए 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 265 रन ही बना सकी। मेजबान टीम जब बल्लेबाजी के लिए उतरी, तो उसके खाते में पहले से ही 10 रन जोड़ दिए गए थे, क्योंकि भारतीय पारी के दौरान बल्लेबाज विपराज निगम के बार-बार प्रोटेक्टेड एरिया में दौड़ने की वजह से भारतीय टीम पर 5-5 रन की दो बार पेनाल्टी लगाई गई थी। श्रीलंका को अविष्का फर्नांडो और निरोशन डिकवेला की सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 5 ओवरों में स्कोर 56 तक पहुंचा दिया। फर्नांडो 14 गेंदों में 5 चौकों के साथ 22 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद डिकवेला ने विशेन हलंबागे (17) के साथ 19 रन और सदीरा समरविक्रमा के साथ 37 रन की साझेदारी करते हुए ग्रीस को 112 रन तक पहुंचाया।

डिकवेला 33 गेंदों में 37 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद सदीरा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 113 गेंदों में 7 चौकों के साथ 93 रन की पारी खेली। श्रीलंका को अंतिम ओवर में जीत के लिए 5 रन की दरकार थी, लेकिन अरशद खान ने इस ओवर में सिर्फ 4 ही रन दिए और मैच %सुपर ओवर% में पहुंचा। श्रीलंका की इस पारी में आयुष बडोनी ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि अरशद खान, निशांत संधु, विपराज निगम, अनुकूल रॉय और सूर्यांश शेडगे ने 1-1 विकेट निकाला। श्रीलंका ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए। इसके जवाब में भारतीय टीम 6 गेंदों में सिर्फ 10 ही रन बना सकी। भारतीय टीम अपना अगला मैच 17 जून को अफगानिस्तान-ए के खिलाफ इसी मैदान पर खेलेगी। सीरीज का फाइनल मैच 21 जून को खेला जाएगा।

झेंग किनवेन ने मारिया सकारी को हराया, दर्ज की सीजन की अपनी पहली ग्रास-कोर्ट जीत

लंदन। डब्ल्यूटीए 250 नॉटिंघम ओपन में चीन की झेंग किनवेन ने सोमवार को एक सेट से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ग्रीस की छठी वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को 4-6, 7-6 (1), 6-4 से हराया। लंदन में इस जीत के साथ किनवेन ने सीजन की अपनी पहली ग्रास-कोर्ट जीत दर्ज की। झेंग किनवेन का अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया की तालिया गिब्सन और ब्रिटेन की फ्रांसेस्का जोन्स के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा।

इस महीने की शुरुआत में किनवेन को फ्रेंच ओपन के पहले दौर से बाहर होना पड़ा था। ऐसे में यह जीत उनके लिए ग्रास-कोर्ट अभियान की एक सकारात्मक शुरुआत थी। मैच के बाद झेंग ने कहा, यह सच में एक मुश्किल मुकाबला था। हम दोनों ने उच्च स्तर पर खेला और स्कोर पूरे समय करीबी रहा। मैं उन महत्वपूर्ण प्वाइंट्स को जीतकर खुश हूं, क्योंकि पिछले टूर्नामेंट में ऐसा नहीं कर सकी थी, लेकिन आज ऐसा करने में सफल रही।

झेंग किनवेन के लिए पिछले दो सीजन चुनौतीपूर्ण रहे हैं। इस बीच उन्हें चोटों से जूझना पड़ा और सर्जरी करानी पड़ी। सन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झेंग ने कहा कि पिछले साल वह लगभग आठ महीने तक खेल से दूर रहीं और प्रतियोगिता में वापसी के बाद शुरू में उन्होंने खुद पर बहुत अधिक दबाव डाला।

उन्होंने कहा, पिछले साल मैं लगभग आठ महीने तक नहीं खेल सकी। जब मैंने वापसी करने की कोशिश शुरू की तो मुझ पर बहुत दबाव था। मैं और अधिक करना चाहती थी और बेहतर करना चाहती थी, लेकिन किसी तरह मैं उस दबाव को संभाल नहीं पाई। अभी मैं खुद से कहती हूं कि ठीक है, मैं दुनिया में लगभग 160वें नंबर पर हूं। इससे बुरा क्या हो सकता है? बस लड़ते रहो, जैसा मैंने शुरुआत में किया था, जब मेरे पास कुछ भी नहीं था।

बार्सिलोना, स्पेन में रहने वाली 23 वर्षीय चीनी खिलाड़ी झेंग ने कहा कि वह ग्रास-कोर्ट सीजन के दौरान एक बार में एक मैच पर ध्यान केंद्रित करने की योजना बना रही हैं। उन्होंने कहा, ग्रास पर कुछ भी हो सकता है। यह मेरे लिए आसान सतह नहीं है। मुझे बस उम्मीद है कि मैं टेनिस का अधिक लुत्फ उठा सकूंगी और हर प्रतियोगिता का आनंद ले सकूंगी, क्योंकि मुझे यहां खेलना सच में पसंद है। देखते हैं कि मैं अगले मैच में कैसा प्रदर्शन करती हूं।

सच बाजार

'हेल्दी' और 'वीगन' दावों को लेकर जांच के दायरे में आए कई उत्पाद

एफएसएसएआई की बड़ी कार्रवाई, कई नामी कंपनियों को भ्रामक ब्रांडिंग पर नोटिस

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने भ्रामक ब्रांड नाम और उत्पाद दावों को लेकर कई नामी कंपनियों को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के उल्लंघन के आरोपों के तहत की गई है। एफएसएसएआई के अनुसार कई कंपनियों द्वारा अपने उत्पादों को 'हेल्दी', 'वीगन' और 'टू' जैसे दावों के साथ बाजार में पेश किया जा रहा था, जो नियमों के अनुरूप नहीं पाए गए। दावे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं। नोटिस प्राप्त करने वाली कंपनियों में इमामी हेल्दी एंड टेस्टी, हेल्थ एड, ट्वी, द हेल्दी फैक्टरी, हेल्दी मास्टर, हेल्दी चॉइस, प्लान बी और न्यूहर्ब्स शामिल हैं।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि कहना कि एफएसएसएआई ने इमामी हेल्दी एंड टेस्टी के ट्रेड नाम को लेकर भी आपत्ति जताई है, यह कहते हुए कि यह नाम उपभोक्ताओं को गलत धारणा दे सकता है। यह यूनिट कोलकाता स्थित इमामी समूह का एडिबल ऑयल व्यवसाय है। वहीं 'प्लान बी' द्वारा अपने उत्पादों को "प्लांट बेस्ड वीगन' के रूप में प्रचारित करने पर भी सवाल उठाए गए हैं। एफएसएसएआई का कहना है कि इसके लिए आवश्यक स्वीकृति प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।'द हेल्दी फैक्टरी' के 'जीरो मैदा होल व्हीट ब्रेड' और 'जीरो मैदा पिज्जा बेस' जैसे उत्पाद भी जांच के दायरे में हैं। रेगुलेटर के अनुसार इन पर किए गए दावे उपभोक्ताओं को भ्रमित कर सकते हैं। एफएसएसएआई का कहना है कि ऐसे ब्रांड नाम और मार्केटिंग दावे मानकों के अनुरूप नहीं हैं और उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए इनकी विस्तृत जांच की जा रही है। एफएसएसएआई ने हेल्दी मास्टर को 'टैगलाइन' 'विजन टू सर्व हेल्दी', हेल्दी च्वॉइस के ''हेल्दी फूड फॉर हेल्दी लाइफ पोहा'' और हेल्थ एड के ब्रांड नाम पर भी आपत्ति जताई है। प्राधिकरण का मानना है कि ये नाम और दावे उत्पादों की प्रकृति को लेकर ग्राहकों को भ्रमित कर सकते हैं। वह नाम देख कर ही प्रोडक्ट को लपक सकते हैं।

एसईपीसी ने किया एसएआईएल का 673 करोड़ का मेगा प्रोजेक्ट हासिल

चेन्नई। एसईपीसी लिमिटेड को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के इस्को स्टील प्लांट, बर्नपुर से 4.08 मिलियन टन प्रति वर्ष कच्चे इस्पात विस्तार परियोजना के लिए 673.32 करोड़ का बड़ा ऑर्डर प्राप्त हुआ है। यह ऑर्डर औद्योगिक ईपीसी क्षेत्र में एसईपीसी की बढ़ती उपस्थिति को और मजबूत करता है तथा बड़े पैमाने की इस्पात और भारी औद्योगिक अवसंरचना परियोजनाओं में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने की कंपनी की रणनीति में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। कुल अनुबंध मूल्य 673.32 करोड़ (करों को छोड़कर) है। इन परियोजनाओं को 30 से 33 महीनों की अवधि में पूरा किया जाना निर्धारित है, जिससे एसईपीसी की दीर्घकालिक राजस्व दृश्यता और परियोजना निष्पादन पाइपलाइन को और मजबूती मिलेगी।

मुकेश अंबानी ने बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में किए दर्शन, देश की सुख-समृद्धि की कामना की

उत्तराखंड। भारत के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी ने पवित्र तीर्थस्थलों बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम का दौरा कर भगवान बदरीविशाल और बाबा केदारनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर देश की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। जानकारी के अनुसार, अंबानी ने दोनों धामों में विधि-विधान से पूजा कर देश की समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रशासन से मुलाकात भी की और तीर्थयात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की सराहना की।

इससे पहले भी मुकेश अंबानी समय-समय पर इन धार्मिक स्थलों का दौरा करते रहे हैं और मंदिरों के विकास एवं व्यवस्थाओं में सहयोग करते रहे हैं। हाल ही में उनकी यात्राओं के दौरान धार्मिक स्थलों पर बढ़ती श्रद्धालुओं की सुविधा और बेहतर प्रबंधन पर भी चर्चा हुई थी। धार्मिक यात्रा के दौरान उनके साथ सुरक्षा और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में उनकी इस यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला। अंबानी की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब उत्तराखंड में चारधाम यात्रा अपने चरम पर है और देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं।

एयरटेल का अफ्रीका में बढ़ेगा दबदबा

नई दिल्ली। भारती एयरटेल को 100 प्रतिशत शेयरधारकों ने एयरटेल अफ्रीका में स्टेक कंसोलिडेशन को मंजूरी दे दी है। एयरटेल अपने प्रमोटर ग्रुप कंपनी इंडियन कॉटिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड से एयरटेल अफ्रीका में 16.31 फीसदी हिस्सेदारी शेयर-स्वैप के जरिए खरीदेगी। इसके बदले में प्रमोटर कंपनी को एयरटेल के नए शेयर जारी किए जाएंगे। इस लेनदेन के तहत प्रमोटर ग्रुप कंपनी इंडियन कॉटिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के पास मौजूद एयरटेल अफ्रीका की 16.31 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले भारती एयरटेल अपने 14.68 फीसदी करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी करेगी। भारती एयरटेल के नए शेयर 1923 रुपए प्रति स्टॉक के रेट पर जारी किए जाएंगे, जो सेबी के तय फ्लोर प्राइस से अधिक है। इस सौदे के तहत भारती एयरटेल अपनी प्रमोटर समूह इकाई भारती एयरटेल इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट लिमिटेड को अधिमान्य आधार पर इक्विटी शेयर जारी करेगी। बदले में कंपनी एयरटेल अफ्रीका में अतिरिक्त हिस्सेदारी प्राप्त करेगी। यह पूरी प्रक्रिया नकदी-रहित शेयर स्वैप के माध्यम से की जाएगी, जिससे कंपनी पर कोई अतिरिक्त कर्ज या नकदी का बोझ नहीं पड़ेगा। कंपनी के अनुसार, यह लेन-देन एयरटेल अफ्रीका जैसे उच्च-विकास वाले कारोबार में उसकी आर्थिक भागीदारी को मजबूत करेगा। साथ ही समूह की शेयरधारिता संरचना को सरल बनाने और पारदर्शिता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इस अवसर पर सुनील भारती मित्तल ने कहा कि एयरटेल अफ्रीका समूह की विकास रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है और भविष्य में मजबूत प्रदर्शन की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि शेयरधारकों का यह समर्थन कंपनी को कॉर्पोरेट गवर्नेंस और वित्तीय अनुशासन में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।

अमेजन ने लॉन्च किए नए स्मार्ट टूल्स, एमएसएमई सेलर्स को मिलेगा बड़ा फायदा

बेंगलुरु। भारतीय सेलर्स और एमएसएमई कारोबारियों के लिए अमेजन इंडिया ने एआई आधारित नई सुविधाओं की घोषणा की है। कंपनी का दावा है कि ये इनोवेशन भारत और वैश्विक बाजारों में छोटे एवं मध्यम व्यवसायों को तेजी से बढ़ने और प्रतिस्पर्धा में आगे रहने में मदद करेंगे। अमेजन इंडिया के अनुसार, उसका एआई-पावर्ड सेलर असिस्टेंट अब लाखों सेलर्स के लिए एक वर्चुअल बिजनेस पार्टनर की तरह काम कर रहा है। यह टूल इंग्लिश और हिंग्लिश में उपलब्ध है तथा सेलिंग से जुड़े सवालों के जवाब देने, बिजनेस इनसाइट्स प्रदान करने और रोजमर्रा के कारोबारी निर्णय लेने में सहायता करता है।

कंपनी ने बताया कि नई सुविधाओं के तहत एआई प्रोडक्ट टाइटल, विवरण और अन्य आवश्यक जानकारी स्वत: तैयार करेगा। साथ ही केवल एक तस्वीर या यूआरएल के आधार पर लिस्टिंग के लगभग 70 प्रतिशत फील्ड स्वत: भर सकेगा। इससे घंटों का काम कुछ ही मिनटों में पूरा हो जाएगा। इसके अलावा एआई आधारित रिस्टॉक सिफारिशें और अमेजन के एंड-टू-एंड फुलफिलमेंट समाधान भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

पे-नियरबाय के साथ कोई भी रिटेलर बदल सकता है दुकान को डिजिटल बैंकिंग केंद्र में

भोपाल। पे-नियरबाय से जुड़कर कोई भी रिटेलर अपनी दुकान को एक डिजिटल बैंकिंग केंद्र में बदल सकता है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से रिटेलर्स आधार-एटीएम , बिल भुगतान, मनी ट्रांसफर और बीमा जैसी 25 से अधिक डिजिटल सेवाएं प्रदान करके बिना किसी अतिरिक्त निवेश के हर महीने 15,000 तक की अतिरिक्त आय कमा सकते हैं। कंपनी का दावा है कि किराना स्टोर, मोबाइल शॉप और जनरल स्टोर संचालक अब अपनी दुकानों को डिजिटल सेवा केंद्र बनाकर हर महीने 15,000 रुपए से अधिक की अतिरिक्त कमाई कर सकते हैं। कंपनी ने भोपाल के किराना व्यापारी अजय वर्मा की सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि पे-नियरबाय से जुड़ने के बाद उनकी मासिक आय में 15,000 रुपए से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। अजय वर्मा का कहना है कि वित्तीय और डिजिटल सेवाएं शुरू करने के बाद उनकी दुकान पर नए ग्राहक आने लगे हैं और आय के अतिरिक्त स्रोत भी बने हैं। कंपनी हर साल 25 करोड़ से अधिक डिजिटल ट्रांजैक्शंस का संचालन करती है। पे-नियरबाय का उद्देश्य देश के हर व्यक्ति तक बैंकिंग और डिजिटल सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है, जबकि स्थानीय दुकानदारों को अतिरिक्त आय और नए व्यापारिक अवसर उपलब्ध कराना है।

वेदांता ने रचा इतिहास, बीएसई और एनएसई पर चार स्वतंत्र कंपनियों की लिस्टिंग

मुंबई। वेदांता समूह ने भारतीय कॉर्पोरेट इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी चार नव-डिमर्ज्ड कंपनियों को बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) पर लिस्ट किया। इस ऐतिहासिक लिस्टिंग के साथ रणनीतिक धातुओं, क्रिटिकल मिनरल्स, एल्युमिनियम, ऑयल एवं गैस, पावर तथा आयरन एवं स्टील क्षेत्रों में केंद्रित, विश्वस्तरीय व्यवसायों का एक मजबूत पोर्टफोलियो तैयार हुआ है। वेदांता समूह के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि आज वेदांता के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और मेरे लिए भावनात्मक रूप से भी बेहद खास है। 24 वर्ष पहले वेदांता लंदन स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी थी और आगे चलकर एफटीएसई-100 कंपनी का दर्जा हासिल किया।

बासमती कारोबार प्रभावित, भारत का एक्सपोर्ट 25 फीसदी तक गिरा

एजेंसी.नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का असर अब भारत के बासमती चावल निर्यात पर भी दिखाई देने लगा है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार खाड़ी देशों में मांग और सप्लाई प्रभावित होने से भारत का बासमती चावल निर्यात करीब 25 प्रतिशत तक घट गया है। आंकड़ों के मुताबिक मार्च 2026 में बासमती चावल का निर्यात 27.4 प्रतिशत और अप्रैल 2026 में 20.9 प्रतिशत घटा। मार्च-अप्रैल 2026 के दौरान कुल निर्यात 24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 838.34 मिलियन डॉलर रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1,105.36 मिलियन डॉलर था।

भारत हर साल लगभग 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात करता है, जिसमें से करीब 40 लाख टन खाड़ी देशों को भेजा जाता है। सऊदी अरब, ईरान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात और यमन भारत के प्रमुख खरीदार हैं। ये पांच देश मिलकर भारतीय बासमती निर्यात का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा खरीदते हैं। मार्च और अप्रैल के दौरान इराक,बहरीन, ईरान और कतर को होने वाले निर्यात में 50 से 90 प्रतिशत तक की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि सऊदी अरब और इजराइल के लिए निर्यात में अपेक्षाकृत कम गिरावट देखी गई।

व्यापारिक आंकड़ों से यह भी संकेत मिला है कि कई निर्यातक अब जॉर्डन के रास्ते अन्य देशों तक माल पहुंचा रहे हैं। अप्रैल में जॉर्डन भारत के लिए दूसरा सबसे बड़ा बासमती निर्यात गंतव्य बनकर उभरा और कुल निर्यात में उसकी हिस्सेदारी 15 प्रतिशत रही। सऊदी अरब 18 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ पहले स्थान पर रहा। निर्यातकों ने नए बाजारों की तलाश भी तेज कर दी है। अप्रैल में यूनाइटेड किंगडम को बासमती निर्यात 80 प्रतिशत, इटली 67 प्रतिशत और नीदरलैंड्स को 18 प्रतिशत बढ़ा। वहीं ओमान को निर्यात में 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया का संकट लंबे समय तक बना रहता है तो इसका सीधा असर पंजाब और हरियाणा के किसानों पर पड़ सकता है। देश के कुल बासमती उत्पादन में इन दोनों राज्यों की हिस्सेदारी लगभग 70 प्रतिशत है। ऐसे समय में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर किसानों की बढ़ती चिंताएं भी कृषि क्षेत्र के लिए नई चुनौती बन सकती हैं।

रवि किशन बने डाबर लाल दंत मंजन के नए ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। एफएमसीजी कंपनियों में शामिल डाबर इंडिया लिमिटेड ने अभिनेता और भोजपुरी स्टार रवि किशन को अपने लोकप्रिय ओरल केयर उत्पाद डाबर लाल दंत मंजन का नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। कंपनी ने इस अवसर पर अपना नया इंटीग्रेटेड विज्ञापन अभियान दांत में हमार दम बा, डाबर लाल पे चमंड बा भी लांच किया है। यह अभियान टीवी, डिजिटल और प्रिंट मीडिया पर चलाया जाएगा, जिसका उद्देश्य हिंदी और भोजपुरी भाषी क्षेत्रों में ब्रांड की पहुंच और उपभोक्ताओं से जुड़ाव को और मजबूत करना है। डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने उत्पाद को एक पारंपरिक आयुर्वेदिक समाधान के रूप में पेश किया है, जिसमें समय-परीक्षित जड़ी-बूटियों का उपयोग किया जाता है।

न्युवोको तकनीकी की ताकत दिखी , सीमेंट निर्माण प्रक्रिया से रूबरू हुए दर्शक

मुंबई। नुवोको विस्टास कॉर्प. लिमिटेड को जियोहॉस्टार पर प्रसारित होने वाली लोकप्रिय इंडस्ट्री-आधारित श्रृंखला कैसे बनता है के तीसरे सीजन में शामिल किया गया है। कंपनी ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह इस मंच पर प्रदर्शित होने वाली भारत की पहली सीमेंट कंपनी बनी है। नुवोको पर आधारित विशेष एपिसोड में सीमेंट निर्माण की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इसमें कच्चे माल की सोर्सिंग और प्रोसेसिंग से लेकर क्लिंकर निर्माण, ग्राइंडिंग, गुणवत्ता परीक्षण और अंतिम डिस्पैच तक के सभी चरणों को दर्शाया गया है। कार्यक्रम में आधुनिक सीमेंट उत्पादन की जटिलता और बड़े पैमाने पर होने वाली मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों की झलक भी दिखाई गई है। कंपनी के अनुसार, यह कार्यक्रम दर्शकों को यह समझने का अवसर देता है कि आधुनिक निर्माण तकनीकों का मदद से उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री कैसे तैयार की जाती है, जो देश के बढ़ते बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं की आवश्यकताओं को पूरा करती हैं।